समाज कल्याण परिसर, माना कैम्प, रायपुर

Phone No. 0771-2277901, E-mail ID dpsw.cg@gov.in, website :- sw.cg.gov.in

क्रमांक / स.क. / 146 / 2024 / 805 — रायपुर, दिनांक 29 / 08 / 2024

प्रति,

समस्त कलेक्टर
(छत्तीसगढ़)

विषय :— दानवीर भामाशाह सम्मान 2024 हेतु प्रविष्टियां उपलब्ध कराने के संबंध में।

—0—

छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष राज्योत्सव के अवसर पर दानशीलता, सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति/संस्था को दानवीर भामाशाह सम्मान से अलंकृत किया जाता है। चयनित व्यक्ति/संस्था को सम्मान के रूप में राशि रूपये 1.00 लाख एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने का प्रावधान है।

अतः दानशीलता, सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति/संस्था की प्रविष्टियां दानवीर भामाशाह सम्मान 2024 हेतु दिनांक 27 सितम्बर 2024 से पूर्व संचालनालय को आपकी अनुशंसा सहित अनिवार्यतः उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रविष्टियां प्रेषित की जावे :—

1. व्यक्ति/संस्था का पूर्ण परिचय।
2. व्यक्ति/संस्था छत्तीसगढ़ में निवासरत/कार्यरत हो।
3. व्यक्ति/संस्था का पिछला कार्य उत्कृष्ट हो और वर्तमान में भी निरंतर सक्रिय हो।
4. उक्त सम्मान हेतु ज्यूरी के सदस्यों की प्रविष्टियां मान्य नहीं होगी।
5. दानशीलता एवं राष्ट्रीयता के क्षेत्र में किये गये कार्यों का विस्तृत विवरण।
6. अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण।
7. उत्कृष्ट कार्यों के संबंध में प्रकाशन, प्रख्यात व्यक्तियों/पत्र पत्रिकाओं द्वारा की गई टिप्पणी।
8. निरन्तर क्रियाशील एवं निर्विवाद होने के विषय में जिला कलेक्टर की अनुशंसा।
9. चयन होने की दशा में पुरस्कार ग्रहण करने की लिखित सहमति एवं पासपोर्ट साइज के 03 फोटोग्राफ्स।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जावे।

कार्यालय ... आ.क्र. 1390 दि. 4.9.24

Roblna
संचालक
समाज कल्याण संचालनालय
छत्तीसगढ़, रायपुर

पृ. क्रमांक / स.क. / 146 / 2024 / 806 — रायपुर, दिनांक 29 / 08 / 2024

प्रतिलिपि :—

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर जिला रायपुर को सूचनार्थ।
2. समस्त संयुक्त/उप/सहायक संचालक, जिला कार्यालय समाज कल्याण, छत्तीसगढ़। दिनांक 27.09.2024 से पूर्व प्रविष्टियां अनिवार्यतः संचालनालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

जिलाध्यक्ष कार्यालय
सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
शाखा ... समाज कल्याण
04 SEP 2024
कलेक्टर

Roblna
संचालक
समाज कल्याण संचालनालय
छत्तीसगढ़, रायपुर